# 11वीं पंचकर्म कार्यशाला का शुभारंभ




**देहरादून।** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन हरिद्वार एवं उत्तराखंड आयुर्वेदिक कॉलेज के सहयोग से पंचकर्म, प्राणिक हीलिंग, रोग परीक्षण एवं आहार चिकित्सा पर आधारित दो दिवसीय 11वीं कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है। उद्घाटन वीएमएसबीयूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह एवं पूर्व कुलपति उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय प्रो. सुनील जोशी ने किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष, बाल अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ डॉ. गीता खन्ना ने पंचकर्म, प्राणिक हीलिंग, रोग परीक्षण एवं आहार चिकित्सा के महत्व को बताया। इस दौरान प्रो. बिष्णु मोहन दाश, डॉ. उर्मिला पांडे, प्रो. मनोज कुमार पांडा, मानसी वीरमानी, कोनिका मुखर्जी, केसी मिश्रा, अंशु सिंह आदि मौजूद रहे। मा सि.रि.